प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 97 / 2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

www.trai.gov.in

हैदराबाद 20/07/26 2026

तत्काल प्रकाशन हेतु


**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने तमिलनाडू एसएसए के तहत विरुडनगर और तेनकासी जिले के आस-पास मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) ने जून 2026 माह के दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए **तमिलनाडू एसएसए के तहत विरुडनगर और तेनकासी जिले** के आस-पास किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय (Real time) गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, ट्राई द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के जमीनी मोबाइल नेटवर्क के प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से 16 जून **2026** से 18 जून **2026** के दौरान **तमिलनाडू एलएसए तहत विरुडनगर और तेनकासी जिले** के आस-पास 273.1 किमी सिटी ड्राइव, 4 हॉटस्पॉट लोकेशंस पर टेस्ट आयोजित किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रुप मैप:** मानचित्र पर दर्शाए गए संकेतों के अनुसार, निम्नांकित मानचित्र, रेलवे ड्राइव, हाईवे ड्राइव, सिटी ड्राइव, हॉटस्पॉट, वॉक टेस्ट और इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग टेस्ट को दर्शाता है:




5. **प्रमुख मूल्यांकित पैरामीटर**:

क) **कवरेज गैप:** नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) **वॉयस सर्विसेज:** कॉल सैट अप सक्सेज रेट(CSSR), ड्रॉप कॉल रेट(DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (MOS) ।

**ग) कॉल साईलेंस इंस्टेंस**: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस इंस्टेंस हुईं।

**घ) डाटा सर्विसेज:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

6. प्रमुख मापदंडों के लिए हैदराबाद में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है

क) **कवरेज गैप-** (i) ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल शक्ति वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, एयरटेल के लिए 456/41110, बीएसएनएल के लिए 3466/40362, आरजेआईएल के लिए 911/39132 और वीआईएल के लिए 1552/40918 था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

(ii) ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट पर वॉयस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल की शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से सीमित सेवा (कोई कवरेज नहीं) वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा गया, एयरटेल के लिए 0/41110, बीएसएनएल के लिए 201/40362, आरजेआईएल के लिए 0/39132 और वीआईएल के लिए 2/376 था। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) **ड्राप्ड काल्स**- ड्राप्ड काल्स, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉलों की संख्या में से ड्रॉप कॉलों की संख्या के रूप में मापा जाता है, एयरटेल के लिए 0/367, बीएसएनएल के लिए 5/331, आरजेआईएल के लिए 0/344 और वीआईएल के लिए 2/376 थे.

ग) **कॉल साईलेंस इंस्टेंस**- स्थापित कुल कॉल में से > 3 सेकंड के लिए पाए गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापी जाने वाली कॉल साइलेंस इंस्टेंस एयरटेल के लिए 3/349, बीएसएनएल 8/353 आरजेआईएल के लिए 32/332 और वीआईएल के लिए 4/366 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

**ग) डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट:**

i) **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र):** एयरटेल(5G/4G) के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 157.73 Mbps, बीएसएनएल(3G) के लिए 6.25 Mbps, आरजेआईएल(5G/4G) के लिए 275.96 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) के लिए 26.36 Mbps देखी गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) **डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र):** एयरटेल(5G/4G) के लिए औसत अपलोड स्पीड 21.94 Mbps, बीएसएनएल(3G) के लिए 2.98Mbps, आरजेआईएल(5G/4G) के लिए 19.06Mbps और वीआईएल(5G/4G/2G) के लिए 12.46Mbps देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ड्राप्ड काल्स और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके **संलग्न** अनुलग्नक में देखे जा सकते हैं।

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है: -

**शहर**: विरुधुनगर, शिवकाशी और तेनकासी शहर और आसपास के इलाके -अल्लमपट्टी, मिसालूर, कूराकिगुंडू, मुथुलिंगपुरम, शिवकाशी, संशोधन, अचंबुदूर, पानबोली, शेनकोट्टई, गोरथलम, द्रवीय नगर, वैकालीपट्टी, पावुरचत्रम, तेनकासी, ऐगुडी और एलाथुर आदि.

**हौटस्पॉट** : 1. काशी विश्वनाथ मंदिर- तेनकासी, 2. शिवकाशी बस स्टैंड 3. तेनकासी न्यू बस स्टैंड 4. विरुधुनगर न्यू बस स्टैंड

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.hydreabad@trai.gov.पर मेल भेजा जा सकता है या भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद से दूरभाष सं 040-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।


(बी. प्रवीण कुमार)
सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का.हैदराबाद


a) **Coverage Gap** – The coverage distribution found less than the minimum specified signal strength for the drive test route in auto-selection mode (5G/4G/3G/2G) during voice testing, is as below: -


| Parameter | AIRTEL | BSNL | RJIL | VIL |
|---|---|---|---|---|
| Total Number of Samples captured on Drive test route | 41110 | 40362 | 39132 | 40918 |
| Number of Samples having poor signal strength | 456 | 3466 | 911 | 1552 |
| Number of Samples having limited service (No Coverage) | 0 | 201 | 0 | 0 |


**Note:** Signal strength has been considered poor if it falls below −110 dBm for 5G & 4G, −90 dBm for 3G, and −85 dBm for 2G.

**Coverage Gap observed**











**Note:** Plot is based on Dynamic Drive Test results only

b) **Dropped Calls -** The TSP-wise details of dropped calls in auto-selection mode (5G/ 4G/ 3G/ 2G) are as below: -

| Parameter | AIRTEL | BSNL | RJIL | VIL |
|---|---|---|---|---|
| Number of successful Calls Established | 367 | 331 | 344 | 376 |
| Number of dropped Calls | 0 | 5 | 0 | 2 |

**Locations of Dropped Calls**









**Note:** Dropped calls locations are shown in red colour and which can be clicked to know the exact location (latitude and longitude) on the map


c) **Call Silence Instance** - The TSP-wise details of Call silence instance in Auto-selection mode (5G/4G) are as below: -


| Parameter | AIRTEL | BSNL | RJIL | VIL |
|---|---|---|---|---|
| Call Established (within service provider network) | 349 | 332 | 353 | 366 |
| Number of silences calls for >3 Sec | 3 | 22 | 7 | 2 |
| Total number of silence instances for >3 Sec | 3 | 32 | 8 | 4 |

**Locations of Call Silence Instance**











**Note:** Call silence instances are shown in red colour and which can be clicked to know the exact location (latitude and longitude) on the map


d) **Data Download and Upload throughput:** The TSP-wise details of **Average Download (DL)** and **Upload (UL) throughput** against declared typical DL/UL Throughput for month, in Auto-selection mode (5G/4G/3G/2G) are as below: -

**(i) Download Throughput**


| Parameter | Measured in | AIRTEL (upto 5G) | BSNL (upto 4G) | RJIL (upto 5G) | VIL (upto 4G) |
|---|---|---|---|---|---|
| Typical Download throughput declared by TSP | (Mbits/s) | 18.00 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| Average Download Throughput measured during IDT | (Mbits/s) | 157.73 | 6.25 | 275.96 | 26.36 |






| Throughput | Colour Code | No. of Samples | % of Samples |
|---|---|---|---|
| 100 Mbps and above | | ( 269 ) | ( 76.42% ) |
| 50-100 Mbps | | ( 31 ) | ( 8.81% ) |
| 30-50 Mbps | | ( 12 ) | ( 3.41% ) |
| 10-30 Mbps | | ( 18 ) | ( 5.11% ) |
| 0-10 Mbps | | ( 22 ) | ( 6.25% ) |






| Throughput | Colour Code | No. of Samples | % of Samples |
|---|---|---|---|
| 100 Mbps and above | | ( 0 ) | ( 0.00% ) |
| 50-100 Mbps | | ( 0 ) | ( 0.00% ) |
| 30-50 Mbps | | ( 155 ) | ( 45.99% ) |
| 10-30 Mbps | | ( 143 ) | ( 42.43% ) |
| 0-10 Mbps | | ( 39 ) | ( 11.57% ) |


**Note:** Plot is based on Dynamic Drive Test results only


### (ii) Upload Throughput

| Parameter | Measured in | AIRTEL (upto 5G) | BSNL (upto 4G) | RJIL (upto 5G) | VIL (upto 4G) |
|---|---|---|---|---|---|
| Typical upload throughput declared by TSP | (Mbits/s) | 8.00 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| Average Upload Throughput measured during IDT | (Mbits/s) | 21.94 | 2.98 | 19.06 | 12.46 |






**Note:** Plot is based on Dynamic Drive Test results only